सं. 06/02/2024-रा0भा0(सेवा)
भारत सरकार/गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-।। (नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली-110001
दिनांक 20 अगस्त, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय :सीएसओएलएस के अधिकारियों को iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध क्षमता निर्माण पाठ्यकर्मों/मॉड्यूल के प्रति प्रोत्साहित करने के संबंध में ।

कृपया उपर्युक्त विषय पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 28.07.2023 के कार्यालय ज्ञापन सं. T-16017/06/2023-TFA का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें संदर्भित "कर्मयोगी दिशानिर्देश" (अनुबंध के अनुसार) के अनुसरण में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं से संबंधित पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने का निदेश दिया गया था।

2. उपरोक्त कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 28.07.2023 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसरण में अनुरोध है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को iGOT कर्मयोगी पोर्टल से संबंधित पाठ्यक्रमों में पंजीकरण करने तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपरांत जारी प्रमाण-पत्र की प्रति राजभाषा विभाग सहित संबंधित मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों में उपलब्ध उनकी सेवा-पंजिका एवं वैयक्तिक फ़ाइल में संलग्न करने हेतु जमा करने के लिए आवश्यक दिशा-निदेश जारी किए जाएं।

3. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

सुनिता कुंभरे 20/8/24

(सुनीता एम. कुंभरे)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23438125

सेवा में,

1. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के भागीदार सभी मंत्रालय/ विभाग/कार्यालय।
2. केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारी/कर्मचारी।
3. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
4. गार्ड फाइल।